


नवभारत 04
इंदौर, शुक्रवार, 21 नवंबर, 2025


## एक नजर में

### जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन में एसआईआर निरीक्षण कार्य जारी



**आलीराजपुर।** जिले में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (*Special Intensive Revision-SIR*) अभियान की प्रगति की निरंतर मॉनिटरिंग जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर के निर्देशन में की जा रही है। इसी क्रम में आज ग्राम पंचायत जांबूखेड़ा (जोबट) में स्ङ्क्रकार्य का निरीक्षण किया गया। साथ ही नानपुर, करेली मवड़ी एवं भजियाना ग्राम में भी बीएलओ द्वारा सतत कार्य संपादित किया जा रहा है। जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती माथुर के निर्देशन में राजस्व विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी घर-घर जाकर मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत नागरिकों की जानकारी एकत्रित कर सत्यापन कार्य कर रहे हैं। निरीक्षण के दौरान प्रत्येक पात्र नागरिक को प्री-प्रिंटेड एन्यूमरेशन फॉर्म उपलब्ध कराए गए तथा प्राप्त जानकारी को बीएलओ ऐप पर डिजिटाइज किया जा रहा है, जिससे मतदाता सूची को अद्यतन और अधिक सटीक बनाया जा सके। कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर ने बताया कि जिले में तहसीलवार प्रतिदिन कार्य प्रगति की समीक्षा की जा रही है। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य को समय सीमा में पूर्ण करने के लिए पूरी सक्रियता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करें।

### एयू एसएफबी ने मोबाइल टैप एंड पे सुविधा की शुरू

**इंदौर.** एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक (एयू एसएफबी) ने अब सैमसंग वॉलेट पर एयू वीजा क्रेडिट कार्ड्स के लिए मोबाइल टैप एंड पे सुविधा की शुरुआत की है. ग्लोबल फिनटेक फेस्ट (जीएफएफ) के दौरान लॉन्च की गई यह सुविधा एयू क्रेडिट कार्डधारकों को एनएफसी-इनेबल्ड सैमसंग गैलेक्सी स्मार्टफोन के माध्यम से सुरक्षित और सुविधाजनक कॉन्टैक्टलेस पेमेंट की अनुमति देती है, जिससे रोजमर्रा के लेनदेन और तेज व आसान हो जाएंगे. एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर और डिप्टी सीईओ उत्तम टिबरेवाल ने कहा एयू वीजा क्रेडिट कार्ड्स का सैमसंग वॉलेट के साथ इंटीग्रेशन हमारे ग्राहकों की बदलती जीवनशैली को ध्यान में रखते हुए उन्हें एक बिना रुकावट वाला डिजिटल पेमेंट अनुभव प्रदान करने की दिशा में एक और कदम है. यह साझेदारी एक भविष्य के लिए तैयार बैंकिंग इकोसिस्टम बनाने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जो सहज, मोबाइल-फर्स्ट और ग्राहक-केंद्रित है.

### इंडियन आइडल के वो लम्हे, जिन्होंने दिल जीता

**इंदौर.** जुगनू, गेन्दा फूल और काला चश्मा जैसे चार्टबस्टर हिट्स से लेकर डीजे वाले बाबू जैसे कल्चर-डिफाइनिंग एंथम तक- ओजी बादशाह सिर्फ रैपर ही नहीं, बल्कि इंडियन आइडल के सबसे कूल जज हैंय हिटमेकर बादशाह के जन्मदिन के मौके पर नजर डालते हैं उनके कुछ आइकॉनिक पलों पर, जो साबित करते हैं कि वह फैंस के इतने चहेते क्यों हैं. बादशाह के सबसे इमोशनल पलों में से एक वो था जब उन्होंने कंटेस्टेंट धर्मेश के साथ गहरा कनेक्शन महसूस किया। धर्मेश ने अपनी बेटी से दूर रहने का दर्द शेयर किया, जिस पर बादशाह ने खुद को उससे जोड़ा और उसे मज़बूत बने रहने के लिए प्रेरित किया. मनराज वीर के यादगार परफॉर्मेंस रुक जा ओ दिल दीवाने के बाद बादशाह ने सिर्फ उनकी जमकर तारीफ ही नहीं की, बल्कि अपना बटुआ निकालकर उन्हें स्पेशल शगुन भी दिया. आने वाले एपिसोड में दर्शक एक दिल छू लेने वाला ट्रिब्यूट देखेंगे, जब द धारावी ड्रीम प्रोजेक्ट बादशाह के लिए एक स्पेशल बर्थडे रैप परफॉर्म करेगा- इंडियन पॉप-रैप के इस किंग के लिए यह एक परफेक्ट तोहफा होगा.

### स्लेट की आखिरी तारीख 30 नवम्बर

**इंदौर.** सिम्बायोसिस लॉ एडमिशन टेस्ट (स्लेट) 2026 के ऐप्लीकेशन्स 30 नवम्बर को बंद हो रहे हैं. ऐसे में वे उम्मीदवार जो लीगल प्रोफेशनल बनने की इच्छा रखते हैं, उन्हें सलाह दी जाती है कि जल्द से जल्द इस एप्लीकेशन प्रक्रिया को पूरा कर लें. परीक्षा की 20 दिसम्बर और 28 दिसम्बर है. सिम्बायोसिस इंटरनेशनल (डीम्ड युनिवर्सिटी) द्वारा संचालित स्ल्क्ष के ज़रिए उम्मीदवार पुणे, नोएडा, हैदराबाद और नागपुर में स्थित सिम्बायोसिस लॉ स्कूलों के प्रीमियर अंडरग्रेजुएट लॉ प्रोग्राम में प्रवेश पा सकते हैं. स्लेट की खास बात यह है कि छात्रों को दो बार परीक्षा देने का मौका मिलता है और प्रवेश के लिए दोनों में से सर्वश्रेष्ठ स्कोर पर विचार किया जाता है. स्लेट 2026 का संचालन देश भर के 68 शहरों में किया जाएगा और इसके ज़रिए लीगल स्टडीज़ के लिए छात्रों के एप्टीट्यूड का मूल्यांकन किया जाएगा. स्लेट 2026 के लिए रजिस्ट्रेशन और पेमेंट की प्रक्रिया 30 नवम्बर को बंद हो जाएगी.परिणामों की घोषणा 15 जनवरी को होगी.

### अमेजन पे ने लॉन्च की 'इम्पॉसिबल ट्रैवल डील्स'

**इंदौर.** अमेजन पे ने अपने प्रमुख 'इम्पॉसिबल ट्रैवल डील्स' फेस्टिवल की घोषणा की, जो 18 नवंबर से 9 दिसंबर तक ग्राहकों को फ्लाइट और होटल बुकिंग पर बड़ी बचत प्रदान करेगा. तीन सप्ताह का यह आयोजन यात्रियों को फ्लाइट्स पर 20% तक और होटलों पर 60% तक की छूट दे रहा है. अमेजन पे के सीईओ विकास बंसल ने कहा ट्रैवल कैटेगरी ने 2024-2025 के बीच 30% से अधिक साल-दर-साल वृद्धि दर्ज की है, जिसका श्रेय ग्राहक विश्वास बनाने पर हमारे फोकस और डिजिटल पेमेंट्स को अधिक रिवॉर्डिंग बनाने की प्रतिबद्धता को जाता है. इम्पॉसिबल ट्रैवल डील्स के साथ, हम भारतीय परिवारों के छुट्टियों की योजना बनाने के तरीके को बदल रहे हैं, घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों यात्राओं पर बेहतरीन बचत प्रदान कर रहे हैं. हमारी विस्तारित पार्टनरशिप और सरल बुकिंग अनुभव इस हॉलिडे सीजन में ड्रीम डेस्टिनेशंस को सचमुच किफायती बनाते हैं.

### जैमिंग से लेकर ट्रेजर हंट तक

**इंदौर.** नेक्सस इंदौर सेंट्रल ने हाल ही में एक धमाकेदार वीकेंड सेलिब्रेशन का आयोजन किया, जिसमें संगीत, रोमांच और रचनात्मकता का शानदार संगम देखने को मिला. इंटरैक्टिव इवेंट्स और मनोरंजक प्रतियोगिताओं के ज़रिए मॉल ने परिवारों और बच्चों के लिए ढेरों यादगार पलों की सौगात दी. 13 नवंबर की शाम जैमिंग सेशन की शुरुआत हुई, जिसमें लगभग 100 प्रतिभागियों ने भाग लिया। यह संगीतमय शाम आत्मिक जुड़ाव और उत्साह से भरी रही — सभी ने संगीत की धुनों पर थिरकते हुए मस्ती की और एक-दूसरे के साथ जुड़ने का आनंद लिया. 14 नवंबर को मस्ती का सिलसिला ट्रेज़र हंट के साथ जारी रहा, जिसने बच्चों और परिवारों की टीम भावना और जिज्ञासा दोनों की परीक्षा ली। इसके बाद आयोजित हुई चाचा नेहरू लुक-अलाइक प्रतियोगिता, जिसने रचनात्मकता और बचपन की यादों को एक साथ जीवंत कर दिया.






# देश की अखंडता में सरदार पटेल का योगदान युवा के लिए प्रेरणास्त्रोत : विजय शाह

▶ प्रभारी मंत्री, कैबिनेट मंत्री एवं सांसद हुए शामिल

**झाबुआ.** नेहरू युवा केन्द्र एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से 'एक भारत, आत्मनिर्भर भारत' की संकल्पना को लेकर सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर सरदारञ्च150 यूनिटी मार्च का भव्य आयोजन झाबुआ में किया गया। मार्च का प्रारंभ राजवाड़ा चौक से होकर बुनियादी स्कूल रोड, गांधी प्रतिमा, बस स्टैंड, आजाद चौक, डी.आर.पी. लाइन चौराहा, किशनपुरी, गढ़वाड़ा, मोहनपुरा मार्ग से होते हुए देवझीरी मंदिर पर सम्पन्न हुआ।

प्रभारी मंत्री एवं कैबिनेट मंत्री, जनजातीय कार्य, लोक परिसंपत्ति प्रबंधन एवं भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास विभाग डॉ. कुँवर विजय शाह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देशभर में सरदार वल्लभभाई पटेल के अद्वितीय योगदान को स्मरण करने हेतु यूनिटी मार्च का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि देश की अखंडता एवं एकीकरण में सरदार पटेल का योगदान आज के प्रत्येक युवा के लिए प्रेरणास्त्रोत है। युवाओं को उनके जीवन, त्याग और राष्ट्र निर्माण के कार्यों को जानना आवश्यक है।

डॉ. शाह ने निर्देश दिए कि सरदार पटेल के जीवन पर आधारित वाद-विवाद एवं निबंध प्रतियोगिता आयोजित की जाए, जिसमें युवा वर्ग विशेष रूप से भाग लें। प्रतियोगिता में चयनित टॉप 100 लड़कियों एवं 100 लड़कों को स्टेच्यू ऑफ यूनिटी, केवड़िया की शैक्षणिक यात्रा कराई जाएगी।

साथ ही उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री से चर्चा कर झाबुआ जिले के लिए खेल स्टेडियम निर्माण का प्रस्ताव आगे बढ़ाया जाएगा और स्टेडियम के साथ जिम की सुविधा भी विकसित की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि जनजातीय छात्रों को ह्श्वश्वञ्ज, छ्वश्वश्व, क्क्स्ष्ट एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में होने वाली कठिनाइयों को दूर करने हेतु संभागीय मुख्यालय पर हॉस्टल निर्माण की प्रक्रिया पर भी कार्य किया जा रहा है।

कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने कहा कि सरदार पटेल के कार्यों को जन-जन तक पहुँचाने का सर्वोत्तम माध्यम यह यात्रा है। उन्होंने बताया कि यह राष्ट्रीय यात्रा 31 अक्टूबर से 30 नवंबर तक पूरे देश में एकता और अखंडता का संदेश दे रही है।

सांसद अनिता नागर सिंह चौहान ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर आयोजित यह यूनिटी मार्च झाबुआ, रतलाम एवं आलीराजपुर लोकसभा क्षेत्र में एकता का संदेश फैलाने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने कहा कि जैसे सरदार पटेल ने देश को एक सूत्र में बांधा, वैसे ही हमें भी आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत के निर्माण में एकजुट होकर योगदान देना होगा। इस अवसर पर उन्होंने झाबुआ जिले में खेल स्टेडियम निर्माण की मांग की। इस अवसर पर सांसद ने एकता एवं अखंडता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम के दौरान जिला अध्यक्ष भानु भूरिया,पूर्व सांसद श्री गुमान सिंह डामोर, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती कविता सिंगार, पुलिस अधीक्षक डॉ. शिवदयाल सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री जितेंद्रसिंह चौहान, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे।

# आंबुआ में पुलिस विभाग का विशेष जागरूकता कार्यक्रम

**अलीराजपुर। महिला सुरक्षा शाखा, पुलिस मुख्यालय भोपाल के मार्गदर्शन में पूरे मध्यप्रदेश में 'ऑपरेशन मुस्कान' अभियान दिनांक 01 नवम्बर 2025 से 30 नवम्बर 2025 तक उत्साहपूर्वक संचालित किया जा रहा है। गुमशुदा एवं अदमपता नाबालिग बालिकाओं की सुरक्षित खोज, विद्यालयों में छात्र-छात्राओं को विभिन्न अपराधों संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करना तथा समाज में महिलाओं की सुरक्षा एवं सम्मान की भावना को सशक्त बनाना इस अभियान के प्रमुख उद्देश्यों में शामिल है। इस अभियान का दायरा केवल खोज अभियान तक सीमित न रहकर बच्चों को डिजिटल युग में सुरक्षित रहने के तरीकों, आधुनिक अपराधों की पहचान तथा सामाजिक बुराइयों से दूर रहने के व्यवहारिक ज्ञान तक विस्तृत है।**



इसी क्रम में आदर्श एकलव्य विद्यालय, आंबुआ में अलीराजपुर पुलिस द्वारा एक विशेष जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं के साथ-साथ शिक्षकीय स्टाफ, प्राचार्य, महिला थाना प्रभारी एवं पुलिस अधिकारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को साइबर अपराध, महिला सुरक्षा, कानून, डिजिटल सुरक्षा, नशा मुक्ति और सामाजिक कुरीतियों के बारे में गहन जानकारी प्रदान करना था।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिला पुलिस अधीक्षक श्री रघुवंश सिंह ने बच्चों को संबोधित करते हुए आज के समय में बढ़ते सोशल मीडिया दुरुपयोग पर महत्वपूर्ण चेतावनियाँ दीं। उन्होंने साइबर अपराध, डिजिटल अरेस्ट, सोशल मीडिया के दुरुपयोग, डिजिटल फ्रॉड, बाल अधिकार एवं महिला सुरक्षा कानूनों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही उन्होंने पोक्सो एक्ट, महिला हेल्प डेस्क (नंबर 7701042100) तथा आपातकालीन हेल्पलाइन 112 का उपयोग करने के महत्व को समझाया।सड़क सुरक्षा के विषय में जानकारी देते हुए उन्होंने अलीराजपुर पुलिस द्वारा स्थापित 'हेलमेट बैंक' की अवधारणा समझाई। उन्होंने बताया कि जिले के सभी थानों में पुलिस नवाचार के तहत जनसहयोग से हेलमेट बैंक स्थापित किए गए हैं, जहाँ से कोई भी दोपहिया वाहन चालक आवश्यकता पड़ने पर हेलमेट ले सकता है और उपयोग के बाद उसे पुन: जमा कर सकता है।

पुलिस आपकी मित्र है—इस संदेश को दोहराते हुए उन्होंने कहा कि किसी भी परिस्थिति में बच्चे निसंकोच पुलिस से सहायता ले सकते हैं।कार्यक्रम के दौरान एसपी सिंह ने समाज में व्याप्त अंधविश्वास, डाकन-डायन प्रथा जैसी कुरीतियों से भी सावधान रहने की बात कही। उन्होंने बताया कि इन बुराइयों के उन्मूलन हेतु पुलिस निरंतर जनजागरूकता कार्यक्रम संचालित कर रही है तथा बच्चों को चाहिए कि वे इन विषयों पर समाज में सकारात्मक संदेश फैलाएँ।




# यूथ यात्रा पर सीएम की कांफ्रेंस

**झाबुआ, 20 नवम्बर 2025। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा कल देर शाम सरदार पटेल ञ्च150 जयंती के अवसर पर देश में निकल रही यूथ यात्राओं की श्रृंखला में मध्य प्रदेश से निकलने वाली यात्रा की तैयारियों के संबंध में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग ली गई।**

यूथ यात्रा में मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश एवं महाराष्ट्र के 385 युवा (पुरुष) युवा सम्मिलित रहेंगे। यूथ यात्रा 24 नवम्बर 2025 को प्रात: 10 बजे नागपुर से प्रारम्भ होगी। मध्यप्रदेश में पांढुर्ना-बैतूल में प्रवेश करेगी। 25 नवम्बर 2025 को प्रात: बैतूल से हरदा-खातेगांव-कन्नौद होते हुए डबल चौकी इंदौर आएगी। 26 नवम्बर 2025 को इंदौर में स्वागत एवं जनसभा उपरांत इंदौर से धार होते हुए झाबुआ आएगी। तत्पश्चात यात्रा गोधरा (गुजरात) के लिए प्रस्थान करेगी।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा यूथ यात्रा के लिए रूट चार्ट के अनुसार सुरक्षा, यातायात, रात्रि विश्राम के लिए व्यवस्था किये जाने के निर्देश दिए।

यात्रा मार्ग पर स्वागत, सरदार पटेल के जीवन पर आधारित चित्र, स्मरण लेख, कविता पाठ इत्यादि की प्रदर्शनी, एक पेड़ मां के नाम, पौधारोपण की व्यवस्था, स्वच्छता के कार्यक्रम, स्वदेशी प्रदर्शनी, सांस्कृतिक मण्डलों के प्रदर्शन, लोक नृत्य, युवा संवाद, खिलाडियों की सहभागिता, इत्यादि स्थानीय स्तर पर सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये। यात्रा को लेकर वीडियो कांफ्रेंसिंग से जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों से चर्चा की और आवश्यक निर्देश दिए।

वीसी के दौरान कलेक्टर नेहा मीना, पुलिस अधीक्षक डॉ. शिवदयाल सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री जितेन्द्रसिंह चौहान, अपर कलेक्टर श्री सी. एस. सोलंकी एवं अन्य उपस्थित रहे।

# इंदिरा जयंती पर कांग्रेसजनों ने मजबूत भारत बनाने का लिया संकल्प

इंदौर. आज पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी की जयंती पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रतिमा पर माल्यार्पण किया. इस मौके पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गांधी के सपनों का मजबूत भारत बनाने का संकल्प लिया. कांग्रेस नेताओं ने इंदिरा गांधी को याद करते हुए बताया कि देश की सेवा करते हुए अपने प्राणों की आहुति दी है. हमें भी देश के लिए सर्वस्व बलिदान करने हेतु तैयार रहना चाहिए.

शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे, जिला कांग्रेस अध्यक्ष ग्रामीण विपिन वानखेड़े एवं प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता राजेश चौकसे के साथ कई कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इंदिरा प्रतिमा पर माल्यार्पण किया. इस मौके पर शहर अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने कहा कि जिस समय इंदिरा गांधी भारत का नेतृत्व कर रही थी, उस समय पर पूरा विश्व भारत के नाम से कांपता था. इंदिरा गांधी के दृढ़ संकल्प का परिणाम है कि उन्होंने बांग्लादेश के रूप में नए राष्ट्र का निर्माण करवाया. हम सबको यह संकल्प लेना है कि इंदिरा के सपनों का मजबूत भारत बनाएंगे. इंदिरा जी ने देश की सेवा करते हुए अपने प्राणों की आहुति दे दी.

## एक नजर ▶ पुलिस का अवैध शराब तस्करी पर बड़ा प्रहार

# आंबुआ पुलिस ने 62,56,000 रूपये की अवैध शराब ट्रक सहित जब्त की

**आलीराजपुर।** जिले में अवैध शराब के परिवहन एवं विक्रय पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक रघुवंश सिंह के नेतृत्व में आलीराजपुर पुलिस द्वारा निरंतर अभियान संचालित किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक ने दिनांक 17 अक्टूबर 2025 को जिले के सभी थाना प्रभारियों की विशेष बैठक आयोजित की थी। इस बैठक में उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए थे कि अवैध शराब के परिवहन, भंडारण और विक्रय में संलिप्त व्यक्तियों तथा अंतर्राज्यीय गिरोहों के विरुद्ध कठोरतम कदम उठाए जाएँ और किसी भी स्तर पर शिथिलता न बरती जाए।

इन निर्देशों के तहत आंबुआ पुलिस को दिनांक 17 नवम्बर 2025 को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि जोबट क्षेत्र की ओर से एक ट्रक, जिसका क्रमांक स्क्क09 ।त्न 0431 है, उसमें भारी मात्रा में अवैध शराब भरकर आलीराजपुर की दिशा में आ रहा है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री प्रदीप पटेल एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस जोबट श्री रवि-?द्र राठी के पर्यवेक्षण मे थाना प्रभारी आंबुआ उपनिरीक्षक मोहनसिंह डावर के के नेतृ?व में दो पुलिस टीमों का गठन किया गया। दोनों टीमों में उपनिरीक्षकों, प्रधान आरक्षकों एवं आरक्षकों को सम्मिलित कर तत्काल नाकाबंदी की कार्रवाई की गई।

पुलिस टीम द्वारा जोबट मार्ग पर सतर्कता पूर्वक नाकाबंदी की गई। कुछ समय बाद जोबट की ओर से संदिग्ध ट्रक आता दिखाई दिया, जिसे घेराबंदी कर रोका गया। वाहन चालक को नीचे उतारकर पूछताछ की गई, जिसने अपना नाम केशरसिंह पिता मोहनसिंह मंडलोई, उम्र 43 वर्ष, निवासी ग्राम मोरीपुरा, मोहल्ला पटेलपुरा, तहसील गंधवानी, जिला धार का होना बताया। वाहन में भरे माल के संबंध में पूछताछ करने पर चालक ने ट्रक में बियर की पेटियाँ होना स्वीकार किया, किंतु वह पुलिस टीम को शराब परिवहन हेतु किसी भी प्रकार का वैध लाइसेंस अथवा परमिट प्रस्तुत नहीं कर सका।



### ▶ थाना प्रभारियों की विशेष बैठक आयोजित की थी

इस पर पंच साक्षियों तथा पुलिस बल की उपस्थिति में वाहन की विधिवत तलाशी ली गई। ट्रक पर लगी तिरपाल हटाकर देखे जाने पर उसमें बड़े पैमाने पर *Mount* 6000 एवं *Mount* 600 *Beer* की पेटियाँ भरी पाई गईं। रात का समय होने एवं पर्याप्त प्रकाश उपलब्ध न होने के कारण ट्रक को थाना परिसर में सुरक्षित रूप से खड़ा कर, वहीं पंचान की मौजूदगी में सभी पेटियाँ नीचे उतरवाकर गिनती की गई। जाँच में कुल 1330 पेटियाँ, जिनमें कुल 31,920 बियर के टिन पाए गए। प्रत्येक टिन में 500 मि.ली. बियर होने से कुल मात्रा 15,960 लीटर निर्धारित हुई। इस अवैध शराब की अनुमानित कीमत ?42,56,000 तथा पकड़े गए ट्रक की कीमत लगभग ?20,00,000 आँकी गई। इस प्रकार कुल जब्ती का मूल्य ?62,56,000 है।

आरोपी केशरसिंह द्वारा भारी मात्रा में अवैध शराब का परिवहन किया जा रहा था, आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) एवं 46 के अंतर्गत थाना अम्बुआ में अपराध क्रमांक 278/2025, धारा 34(2), 46 आबकारी अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारम्भ कर अवैध शराब परिवहन के स्?त्रोतों के संबंध में जांच की जा रही है।

इस पूरी कार्यवाही मे टीम 01 मे उनि. मोहनसिंह डावर, सउनि. देवीसिंह नायक, आर 366 अमरसिंह, आर 466 गिरधारी, आर 223 मनोज, आर 131 राकेश मोरी, आर 405 सुरेश, आर 384 दिनेश, आर 384 जेराम, आर 525 राजू व टीम 02 से सउनि. कालुसिंह अलावा, सउनि. विजय वर्मा, प्रआर 355 महेश, प्रआर 371 भूरसिंह, आर 280 अरुण, आर 203 टिकम का सराहनीय योगदान रहा।

पुलिस अधीक्षक रघुवंश सिंह ने बताया कि — 'थाना आंबुआ पुलिस द्वारा की गई यह कार्यवाही पुलिस प्रशासन की सतर्कता और अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान की सफलता का उदाहरण है। जिले में 18 अक?टूबर 2025 से अवैध शराब के अंतर्राज्यीय तस्करों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है।' विशेष अभियान के तहत अब तक कुल 18 बडे प्रकरणों में 39,029 लीटर अवैध शराब (कुल कीमत ?1,78,10,364) एवं 13 वाहन (कुल कीमत ?85 लाख 55 हजार) जब्त किए जा चुके हैं तथा अन-?य 90 छोटे प्रकरणों में 669 लीटर शराब कीमती 146690रूपये की जप्?त की गई है। इस प्रकार अभियान के तहत अबतक कुल ?2,65,12,054 रूपये की जप्?ती विशेष अभियान के तहत अबतक की गई है। 'आलीराजपुर पुलिस जिले से अवैध शराब माफिया और तस्करी में संलिप्त नेटवर्क को पूरी तरह समाप्त करने के लिए ठोस और निरंतर कार्रवाई लगातार जारी है।

# पार्श्वनाथ पंच कल्याणक पूजन हुआ, आज निकलेगा वरघोड़ा

इंदौर. दलाल बाग स्थित नवरत्न नगरी पर गत 2 अक्टूबर से चल रहे 47 दिवसीय उपधान तप के तीन दिवसीय मालारोपण महोत्सव का शुभारंभ बुधवार को सुबह पीपली बाजार उपाश्रय पर श्री पार्श्वनाथ पंच कल्याणक पूजन के साथ हुआ. इस दौरान बड़ी संख्या में समाज बंधुओं ने तपस्वियों की साधना की सफलता के लिए प्रार्थना की. गुरुवार को सुबह नवकारसी के बाद 9 बजे पीपली बाजार उपाश्रय से भव्य वरघोड़ा बैंड-बाजों एवं परंपरागत वाद्य यंत्रों की सुर एवं स्वर लहरियों के बीच प्रारंभ होकर नवरत्न नगरी, दलाल बाग पहुंचेगा. अनेक आकर्षणों से सुसज्जित इस जुलूस में देशभर से आए 133 तपस्वी तो शामिल रहेंगे ही, जैनाचार्य विश्वरत्न सागर, आचार्य मृदुरत्न सागर सहित साधु-साध्वी भी शामिल होंगे.अर्बुद गिरिराज जैन श्वेताम्बर तपागच्छ उपाश्रय ट्रस्ट पीपली बाजार, समग्र जैन श्वेतांबर श्री संघ, जैन श्वेताम्बर मालवा महासंघ एवं नवरत्न परिवार की मेजबानी में 20 नवम्बर को सुबह 9 बजे से तपस्वियों का वरघोड़ा पीपली बाजार से खजूरी बाजार, गौराकुंड चौराहा, टोरी कार्नर, बड़ा गणपति, पिलियाखाल, महावीर बाग के सामने से होते हुए दलाल बाग पहुंचेगा. आयोजन समिति के संयोजक पुण्यपाल सुराना, कैलाश नाहर, ललित सी. जैन, मनीष सुराना, दिलसुखराज कटारिया, प्रीतेश ओस्तवाल, अंकित मारु, दिलीप मंडोवरा एवं दीपक सुराना ने बताया कि मार्ग में अनेक स्थानों पर तपस्वियों एवं साध, साध्वियों का पूजन भी होगा. उपधान तप के मुख्य लाभार्थी दिलसुखराज कटारिया एवं विनोद कुमार रतनलाल जैन परिवार तथा बहुमान के लाभार्थी सतीश-अमन व्होरा परिवार होंगे.